महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
ज्ञान शांति मैत्री

# भारतीय संविधान के सपनों के प्रति कटिबध्द हों -कुलपति राय



*ध्वजारोहण के पश्चात संबोधित करते हुए कुलपति विभूति नारायण राय*

वर्धा दि. 27 जनवरी 2012: भारतीय गणतंत्र लंबी यात्रा तय करते हुए आर्थिक मंदी में भी मजबूती से आगे बढ़ रहा है। इस दौर में आए अनेक झंझावातों के बीच भारतीय संविधान के निर्माताओं ने भारतीय गणतंत्र के जो सपने संजोए थे उसकी प्राप्ति के लिए हमें कटिबध्द होने की आवश्यकता है। उक्त उदबोधन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति विभूति नारायण राय ने व्यक्त किये। वे भारतीय गणतंत्र की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित ध्वजारोहण समारोह के बाद विवि परिवार के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे।

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने कुलपति राय द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थितों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने राष्ट्र-राज्य के विकास

के सपने पूरे करने के लिए भारतीय संविधान को बल प्रदान करने की आवश्यकता अपने संबोधन में प्रतिपादित की। ध्वजारोहण के पूर्व कुलपति राय ने विश्वविद्यालय के गांधी हिल पर जाकर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ध्वजारोहण के अवसर पर विश्वविद्यालय के अध्यापक, कर्मी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

बी. एस. मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी